# आकाशवाणी शिमला

## 19.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

**दीपावली**

कल दीपावली है। प्रदेशभर में आज छोटी दिवाली मनाई जा रही है। दीपावली पर्व को लेकर प्रदेश के बाजारों में आज खूब रौनक देखने को मिली और लोगों ने मिट्ठाईयों, उपहारों और अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि ये त्योहार अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में लोगों से शांति, सौहार्द और एकता का संदेश फैलाने का आह्वान किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये त्योहार हर घर में खुशियां , उमंग और समृद्धि लेकर आयेगा।

*प्रदेशवासियों को दीपावली की बहुत–बहुत शुभकामनायें। प्रदेशभर में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रत्येक परिवार के घर में खुशियां बाए। हिमाचलवासियों के लिए दीपावली का उत्सव खुशियों भरा हो।*

**टूटीकंडी दिवाली**

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला के टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम का दौरा कर यहां रहने वाले बच्चों के साथ दिवाली मनाई। उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार ने अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है और ऐसे बच्चों की शिक्षा का सारा खर्च राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा अनाथ बच्चों को हर महीने 4 हज़ार रूपए की पॉकेट मनी भी प्रदान की जा रही है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बाल आश्रम के बच्चों के लिए हर साल 14 नवम्बर को खेल दिवस का आयोजन करने का ऐलान भी किया जिसके लिए राज्य सरकार बजट का प्रावधान करेगी।

इस मौके पर बाल आश्रम के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया और मिट्टी के दीये जलाए।

**अयोध्या–दीपोत्सव**

अयोध्या में दीपावली की पूर्व संध्या पर आज शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार राम की पैड़ी सहित अयोध्या के 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीए जलाकर गिनीज विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराना चाहेगी। इस वर्ष सरयू तट पर महाआरती में दो हज़ार एक सौ वेदाचार्य श्लोक का उच्चारण करेंगे जो एक अन्य विश्व रिकार्ड बन सकता है।

**जीएसटी लाभार्थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। चंबा में व्यापारियों ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जी.एस.टी कम होने से इस त्यौहारी सीजन में उनके व्यवसाय में बढोतरी होने से वे काफी उत्साहित है।

*अभी त्योहार का सीजन चला हुआ है। मैं चंबा की निवासी हूं। मेरी खुद की ज्वेलरी की शॉप है। हमारी आर्टिफिशियल ज्वेलरी की शॉप है और अभी जो जीएसट 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कम हुआ है। उसके बज्ह से हमारे ग्राहक ऐसे तो आते रहतें है लेकिन इसकी बज्ह से हमारे ग्राहक बड़े हैं। इसके लिए मैं केंन्द्र सरकार का धन्यवाद करती हूं कि ऐसी ऐसी स्कीम हमें देते रहे ताकि हमारा जो व्यापार है वो दिन रात चौगुनी उन्नति करे।*

............व्यापारी–2...................

***मैं अजय कुमार चंबा से। हमारी जो शॉप है जो जीएसटी की दर घटी है। उससे लोगों को काफी फायदा हुआ है। लोग भारी संख्या में आ रहे हैं और परचेज कर रहें है। अच्छी खासी परचेज कर रहें है जिससे जीएसटी दर जो ब्लैंकेट, रजाईयों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत था वो अब घटकर 5ः हो गया है इससे लोगों को काफी फायदा हुआ है। मैं केंद्र सरकार का धन्यावाद करना चाहता हूं जिन्होंने जीएसटी दर कम किया है।***

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल क्षेत्र की कोट काईना पंचायत में 22 लाख रूपए से बने पंचायत भवन मगावटा और काईना में 33 लाख रूपए से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में पिछले लगभग 3 वर्षों में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं और एक सौ 41 सड़कें पास हुई हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में भारी वर्षा से 6 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है और इसमें से सड़कों को 3 हज़ार करोड़ रूपए की क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद सेब का सफल विपणन किया गया और अभी तक 2 करोड़ 71 लाख से अधिक सेब पेटियां मंडियों में पहुंची हैं।

**नमस्कार**